आदमी आपको ऐसे मिल सकते हैं, जो मुझे ग़लत समझते हैं। आज पन्द्रह वर्षों से, बल्कि और भी अधिक काल से, मुझे जहाँ-कहीं भी मकान बनवाने का काम पड़ा है, मैंने इस मिस्त्री को अवश्य बुलाया है। मैंने काम के सम्बन्ध में कभी-कभी तो उसे इतना डाँटा है कि वह रो दिया है; तो भी कभी ऐसा अवसर नहीं आया कि उसने मुझे तीखा उत्तर दिया हो। उसका वही पुराना चश्मा है, वैसी ही भीतर तक प्रविष्ट हो जानेवाली दृष्टि। उसने कभी मजदूरी मुझसे तय नहीं की। और कभी ऐसा अवसर नहीं आया, जब काम समाप्त हो जाने पर, मजदूरी के अतिरिक्त, उसने दस-पन्द्रह रुपये पुरस्कार में न प्राप्त किये हों। ...किन्तु इन सब बातों को अच्छी तरह समझते हुए भी डाँटना तो पड़ता ही है; क्योंकि उससे कलाकार की सुप्त कल्पना को जागरण मिलता है।

अब वेनीबाबू घूमते फिरते वहीं जा पहुँचे, जहाँ स्त्रियाँ छत कूट रही थीं। एकाएक जो उन्होंने हैटधारी हम लोगों को देखा तो उनका गाना बन्द हो गया। तब मेरे मन में आया कि इससे तो यही अच्छा था कि हम लोग यहाँ न आते। और कुछ नहीं तो यह संगीत का मृदुल स्वर तो कानों में पड़ता। और यह संगीत भी कैसा?—एकदम असाधारण। उसकी टेक कभी भूल ही नहीं सकती। जैसी नन्हीं, वैसी ही भोली!

'निंदिया लागी—मैं सोय गई गुइयाँ!'

वेनीबाबू ने खड़े खड़े, इधर-उधर देखा और कहा—देखो इधर इस तरह नहीं पीटना होता कि चोटों की आवाज़ का

रामलखन बोला—सरकार, आज कैसे पूरा होगा ? दिन ही कितना रह गया है !

बको मत, रामलखन ! काम नहीं पूरा होगा तो पैसा भी पूरा नहीं होगा। समझते हो न ? काम का ही दूसरा नाम पैसा है।

रामलखन चुप रह गया।

बेनीबाबू भी चल दिये; लेकिन चलने के साथ ही पिटाई की आवाजें, उनकी धमक, उनकी गति और चूड़ियों की खनक और "निंदिया लागी" का स्वर अतिशय गम्भीर हो गया। मैंने बेनीबाबू से कहा—आप काम लेना खूब जानते हैं।

वे हँसते-हँसते बोले—मैं जानता बहुत कुछ हूँ छोटे भैया, लेकिन जानना ही काफ़ी नहीं होता। ज्ञान से भी बढ़कर जो वस्तु है, उसको भी तो जानना होता है, और उसे मैं अभी तक जान नहीं सका।

मैंने पूछ दिया—वह क्या ?

वे बोले—सत्य का ग्रहण।

मैंने कहा—सिर्फ पहेली न कहिये, उसे समझाते भी चलिये।

वे तब एक पेड़ के नीचे, सड़क पर ही एक ओर कुर्सियाँ डलवाकर बैठ गये और बोले—ये स्त्रियाँ, जो यहाँ मजदूरी करने आई हैं, कितने सबेरे घर से चली हैं और कब पहुँचेंगी; कोई घर में अपने बच्चों को छोड़ आई है, किसी का पति खेत में काम करने गया होगा, किसी के कोई होगा ही नहीं, और काम करते-करते उनको अगर उनकी सुधि आ ही जाती है और —

क हम समझ लेते हैं कि हम बड़े ज्ञानी हैं । हम यही देखकर न्तोष कर लेते हैं कि जो स्त्री यहाँ पर मजदूरी कर रही है, म को सिर्फ उसी से मतलब है, उसी की मजदूरी हम दे रहे , किन्तु हम यह सोचने की जरूरत ही नहीं समझते कि वह त्री अपने जगत् को लेकर क्या है। जो बच्चा उसने उत्पन्न किया है वह भी तो अपने पालन-पोषण का भार अपनी माँ पर रखता है, पर हम लोग वहाँ तक सोचना ही नहीं चाहते। हमारे वार्थों ने सत्य को कितनी निरंकुशता के साथ दबा रखा है !

बेनीबाबू चुप हो गये। एक ओर खुले अम्बर में, विहँगालियाँ, अपने पङ्खों को फैलाये, नितान्त निर्बन्ध, हँसी-खुशी के साथ उड़ी चली जा रही थीं। एक साथ हम दोनों उधर खने लगे; किन्तु बराबर उधर देखने के बदले मैंने एक बार फेर बेनीबाबू को ही देखा। उनके मस्तक के ऊपर चँदवा खुल आया था। उसमें नन्हें-नन्हें एक आध बाल ही अवशिष्ट थे। अब सांध्य आलोक में चमक रहे थे। उनकी खुली आँखें यद्यपि चश्मे के भीतर थीं, तो भी मुझे प्रतीत हुआ, जैसे वे कुछ और भी फैल गई हैं। इसी क्षण वे बोले—अब यह काम और आगे न करूँगा, लेकिन......।

उनका यह वाक्य अधूरा रह गया। जान पड़ा, वे कोई निश्चय कर रहे हैं और रुक-रुक जाते हैं। रुक इसलिए नहीं जाते कि रुकना चाहते हैं। रुक इसलिए जाते हैं कि रुकना नहीं चाहते।

ी मैं कहना भी चाहता हूं कि आदमी तो अपने विश्वा
लेकर खड़ा है; लेकिन जो आदमी अपने विश्वासों
र भी नहीं खड़ा होता, वह भी क्या आदमी है ? वह आद
ीं है। वह पशु है—है पशु। लेकिन कैसे कहूँ कि पशु भी अप
श्वासों के विरुद्ध खड़ा हो सकनेवाला प्राणी है ! वह तो
तो, बल्कि अपनी प्रवृत्तियों का ही स्वरूप होता है। और य
ुष्य ? छिः, इससे भी अधम क्या कोई स्थिति है !

मैंने देखा, यह वातावरण तो अब अतिशय गम्भीर
ा है ! और उन दिनों इस तरह की निरी गम्भीरता मुझे ज
पसन्द आती थी; बल्कि साथी लोग जब ऐसे व्यक्तियों
ाक उड़ाते, तो उस दल में मैं भी सम्मिलित हो जाया करत
। उस समय हम सब यही मानते थे कि जीवन एक हँस
की चीज है। सर्वथा अनिश्चित और चरम अकल्प
वन के थोड़े-से दिनों को रोने या सोच-विचार में निपीड़ि
र्जीव कर डालने में कौन सी महत्ता है ?

इसीलिए मैंने कह दिया—इन लोगों के गाने में बीच
, हाँ, बस यह, स्वर मुझे बड़ा कोमल लगता है।

निमेषमात्र में, सम्यक् बदलकर, वे बोले—

'जाओ, नजदीक से जाकर सुन आओ। हैट यहीं र
ओ। फिर भी अगर वे गाना बन्द कर दें तो कहना—काम
हर्ज नहीं होना चाहिये; क्योंकि गाने के साथ छत कूटने
अधिक अच्छा होता है,' बेनीबाबू ने मुसकराते हुए कहा

मैंने कहा—तुम लोगों ने गाना क्यों बन्द कर दिया ?

खिलखिल के कुछ मदिर कलहास ! कभी इधर—कभी उध

किसी ने अपनी सखी से कहा, ज़रा-सा धक्का देकर-
री पत्ती, चुप क्यों हो गई ?

'तू ही क्यों नहीं गाती ? छोटे-भैया के सामने...'

'हूँ, बड़ी लाजवन्ती बनी है ! जैसे दुलहे का मुँह ही
। हो !'

मैंने कहना चाहा—लड़ो मत। मैं चला जाता हूँ। लेकि
कुछ कह न सका। चुपचाप चला आया। चला तो आय
तु उस खिलखिल और अपने सामने गाने से लजानेवा
पत्ती को मैंने फिर देखने की चेष्टा नहीं की।

कैसे उल्लास के साथ आया था; किन्तु कैसा भीषण छ
र चल दिया !

बेनीबाबू ने बड़े प्यार से पूछा—हाँ, कह जाओ।

मैंने कहा—क्या कह जाऊँ ? वही बात हुई। उन लो
गाना बन्द कर दिया।

'फिर तुमने वह बात नहीं कही।'

'मैं कुछ कह नहीं सका।'

'तो यह कहो कि तुम खुद ही लजा गये ?'

मैं चुप रहा। जिसने कभी चोरी नहीं की, जो यह भी न

वही गति मेरी हुई। क्या मैं जानता था कि बेनीबाबू मुझे ऐसी जगह ले जायँगे, जहाँ पहुँचकर फिर मुक्ति का कोई मार्ग ही दृष्टिगत न होगा ?

बेनीबाबू बोले—अच्छा, एक काम कर आओ। रामलखन से कहना, अगर आज यह काम किसी तरह पूरा होता न दीख पड़े तो कल ही पूरा कर डालना ठीक होगा। बेनीबाबू से मैंने कह दिया है कि मजदूरों से उतना ही काम लिया जाय, जितना वे कर सकें।

मैं उनकी ओर देखता रह गया। मेरे मन में आया—यह आदमी है कि देवता !

मुझे अवाक् देखकर उन्होंने पूछा—सोचते क्या हो ?

मैंने कहा—कुछ नहीं। इतने दिन से आपका परिचय प्राप्त है; किन्तु कभी ऐसा अवसर नहीं आया कि आपको इतने निकट से देख पाता।

वे बोले—यह सब कोई चीज नहीं है, छोटे भैया ! न्याय और सत्य से हम कितने दूर रहते है, शायद हम खुद नहीं जानते।...अच्छा जाओ, जो काम तुम्हें दिया गया है, उसको पूरा तो कर आओ।

मैं फिर उसी छत पर जा पहुँचा; पर अब की बार मैंने देखा, गान चल रहा है; लेकिन एक ही गाना तो दिन-भर चल नहीं सकता। तो भी मुझे उसी गाने के सुनने की इच्छा हो आई। साथ ही मैंने यह भी सोच [illegible]

मैंने जो रामलखन को बुलाया तो वह सिटपिटा ग
ला—छोटे सरकार, क्या हुक्म है ?

मैंने कहा—बेनीबाबू क्या तुम लोगों के साथ कुछ ज्या
ख्ती से काम लेते हैं ?

वह चुप ही बना रहा, सत्य-कृष्ण कुछ भी नहीं कह सक
। मैंने समझ लिया, डर के कारण वह उनके विरुद्ध कु
ना नहीं चाहता इसीलिए चुप है; लेकिन जब मैंने कहा—
से कुछ कहूँगा नहीं; मैं तो सिर्फ असल बात जान
हता हूँ। बिलकुल निडर होकर बतलाओ।

तब उसने कहा—काम सख्ती से लेते हैं तो मजदूरी
दो पैसा ज्यादा और वक्त पर देते हैं। ऐसे मालिक मिलें
जिन्दगी भर उनकी गुलामी करूँ।

मैंने कहा—तुम ठीक कहते हो। उन्होंने मुझसे कहला भेज
के अगर काम आज नहीं पूरा होता है तो कल ही पूरा क
लना। ज्यादा तकलीफ़ उठाने की जरूरत नहीं है।

रामलखन बोला—पर छोटे भैया; उन्होंने पहले ही बहु
च-समझकर हुक्म दिया था। काम अगर आज पूरा न होत
कूटने के लिये चूना कल हम लोगों को इस हालत में
तता। वह सूख जाता। तब उस पर कुटाई ठीक तरह
होती ? इसके सिवाय कल गुड़ियों का त्यौहार है—छु
दिन है। मैंने पीछे जो सोचा तो मुझे इन सब बातों क
ाल आ गया। काम पूरा हो जायगा। बहुत कुछ तो
गया है।

रामलखन की बात जानकर सचमुच मैंने बेनीबाबू से यह नहीं कहा कि कुछ स्त्रियों के हाथों में छाले पड़ गये हैं।

किन्तु उसी दिन, सायंकाल—

एक ओर जीने की दीवार गिर गई। छुट्टी हो गई थी। मज़दूर लोग इधर-उधर से आ आकर जाने लगे थे कि अररर धम् का भीषण स्वर और क्षीण 'आह !'

लोग दौड़ पड़े। लोग गिने भी गये। सब मिलाकर उन्तीस आदमी आज काम पर थे, लेकिन हैं केवल सत्ताइस !

—तो दो आदमी दब गये क्या ?

—हाँ, यह हल्का स्वर जो आ रहा है ! यह !···यह !

ईंटें उठाई जानें लगी तो एक स्त्री ने कहा—हाय, पत्ती है—पत्ती ! तभी मैं सोच रही थी—वह दीख नहीं पड़ती, शायद आगे निकल गई ! हाय यह तो चल बसी !

उससे कौन कहता कि हाँ, वह आगे निकल गई !

लेकिन एक क्षीण स्वर तब भी ध्वनित होता रहा !

—अरे और उठाओ ईंटों को। हाँ, इस खंजड़ को। अभी एक आदमी और भी तो है।

एक साथ कई आदमियों ने मिलकर एक दीवार के टुकड़े को उठाया। वह ईंटों के ऊपर गिरा था और बीच में थोड़ी जगह शेष रह गई थीं। उसी में मुड़ा हुआ अचेत मिला रिधर।

उस बँगले को, फिर आगे बेनीबाबू नहीं बनवा सके। त्रु
रों तक काम बन्द रहा और वे बीमार पड़ गये।

मनुष्य का यह जीवन क्या इतना अस्थिर है ? क्या य
के दल से भी अधिक मृदुल है ? क्या वह छुई-मुई है ? व
ों मैं यही सोचता रहा था। वे बीमार थे, और उन
ारी बढ़ती जाती थी। मैं देख रहा था, शायद बेनीबा
ारी कर रहे हैं। लेकिन एक दिन मैंने उन्हें दूसरे रूप में देखा
देखा कि मृत्यु को उन्होंने मसल डाला है, पीस डाला है
छटपटा रही है ! वह भाग जाना चाहती है !

वे एक पलँग पर लेटे हुए थे, बहुत धीरे-धीरे बातें कर र
उनके पास एक नौजवान बैठा हुआ था। वह मौन थ
र बेनीबाबू उससे कुछ पूछ रहे थे। उसी क्षण मैं पहुँच गया
उठने को हुए तो नौकर ने उन्हें उठा दिया और उनके पी
कये लगा दिये। पहले आँखों पर चश्मा नहीं था; अब उन्हो
मा चढ़ा लिया।

संकेत पाकर मैं उनके पास ही कुरसी डालकर बैठ गया था

वे बोले—सुनते हो मुल्लू, मैं तुमको रोने न दूँगा। रो
तो मै अपने को खो दूँगा; लेकिन मैं इतना सस्ता नहीं हूं
मरना नहीं चाहता। इसीलिए मैं तुमको प्रसन्न देखना चाहत
बतलाओ, तुम किस तरह से प्रसन्न हो सकते हो ? मैं औ
क कर दूँ ? मैं तुमको कुछ देना चाहता हूँ। बोलो, तु
तने रुपये पाकर खुश हो सकते हो ? लेकिन तुम यह सोच

लीवन की। लेकिन मैंने अभी तुमको बतलाया न, मै तुमको
करना चाहता हूँ।

—ओह 'एक नवयुवती—एक सुन्दरी !'

—तो क्या पत्नी सुन्दर थी ?

—तो उसका कंठ ही कोमल न था, वरन......

बेनीबाबू बोले—मैं जानता हूँ, तुम कुछ कहोगे नहीं
छा, तो मैं ही कहे देता हूँ—उसके बच्चे की परवरिश
, दस रुपये हर महीने मुझसे बराबर ले जाया करना
मे ! .....यह लो दस रुपये ! आज पहली तारीख है। ह
ने की पहली तारीख को ले जाया करना—अच्छा !

जेब से नोट निकालकर उन्होंने मुल्लू के आगे फेंक दिया
लू तब कितना खुश था, इसको मैंने जाना; किन्तु बेनीबा
जितना कुछ जाना, उसको मैं न जान सका।

मुल्लू जब छलकते आनन्दाश्रुओं के साथ चल दिया
बाबू बोले—मेरा ख़याल है, अब यह खुश रहेगा। क्य
क्या सोचते हो ?

मैं चकित था, प्रतिहत था, अभिभूत भी था, तो भी मै
दिया—आपने यह क्या किया ?

'ओह, तुम मुझसे पूछते हो, छोटे भैया !—मैंने यह क
या ? यह मैंने अपने को भुलाने के लिए किया है; क्यों
ुष्य अपने को भुलावे में रखने का अभ्यासी है। मैंने देखा-

पको भुलाना पड़ता है ! यह मेरा ऐसा ही क्षण है, लेकिन
मेरी भूल नहीं है, यह तो मेरा नवजीवन है—जागरण ।

यह कथा यहीं समाप्त हो गई है; किन्तु इस कथा के प्राण में
अन्तर्कथा है, उसी की बात कहता हूँ । उपर्युक्त घटना के
छे कुछ वत्सर और जुड़ गये हैं । यह बँगला अब मुझे रहने
लिए दिया गया है । मैं अब अकेला ही इसमें रहता हूँ । क
हस्र पुस्तकों के महत् ज्ञान से आवृत मैं—लोग कहते हैं—
फेसर हूँ । जीवन और जगत् का तत्त्वदर्शी ! लेकिन मैं अपनी
मस्या किससे कहूँ—अपना अन्तर किसको खोलकर दिख
ऊँ ? बच्चे सुनें तो हँसें और बीबी सुने तो कहे—पागल ह
ये हो !

कभी-कभी रात के घोर सन्नाटे में स्वप्नाविष्ट-सा मैं कुछ
स्पष्ट ध्वनियाँ सुनने लगता हूँ । कोई खिलखिल हँस रही है
ोई धक्का देकर कह रही है—गा री पत्ती ! और चूड़ियाँ खनक
ठती हैं, छत कुदने लगती है और एक कोमल, अत्यन्त कोमल
ायन स्वर फूट पड़ता है—निंदिया लागी......।

और उसके हाथों में जो छाले पड़ गये हैं, वे वहाँ से उठक
रे हृदय में आकर चिपक गये हैं !

मिठाईवाला

बहुत ही मीठे स्वरों के साथ वह गलियों में घूमता हुआ कहता—"बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला।"

इस अधूरे वाक्य को वह ऐसे विचित्र, किन्तु मादक मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुनने वाले एक बार अस्थिर हो उठते। उसके स्नेहाभिषिक्त कण्ठ से फूटा हुआ उपर्युक्त गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिये हुए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर से नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और उनके अन्तर्व्यापी छोटे छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुण्ड उसे घेर लेता। और तब वह खिलौनेवाला वहीं कहीं बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता।

बच्चे खिलौने देखकर पुलकित हो उठते। वे पैसे लाकर खिलौनों का मोल-भाव करने लगते। पूछते—"इसका दाम क्या है, औल इछका, औल इछका?" खिलौनेवाला बच्चों को देखता, नकी नन्हीं-नन्हीं अँगुलियों और हथेलियों से पैसे ले लेता और च्चों के इच्छानुसार उन्हें खिलौने दे देता। खिलौने लेकर फर बच्चे उछलने-कूदने लगते और तब फिर खिलौनेवाला सी प्रकार गाकर चल देता—"बच्चों को बहलाने वाला, खलौनेवाला।" सागर की हिलोर के ...

राय विजयबहादुर के बच्चे भी एक दिन खिलौने लेकर घर आए। वे दो बच्चे थे—चुन्नू और मुन्नू, चुन्नू जब खिलौना ले आया, तो बोला—"मेला घोला कैछा छुन्दल ऐ !"

मुन्नू बोला—"औल देखो मेला आती कैसा छुन्दल ऐ !"

दोनों अपने हाथी-घोड़े लेकर घर-भर में उछलने लगे। इन बच्चों की माँ रोहिणी कुछ देर तक खड़े-खड़े उनका खेल निरखती रही। अन्त में दोनों बच्चों को बुला कर उसने उनसे पूछा—"और ओ चुन्नू-मुन्नू ये खिलौने तुमने कितने में लिए हैं ?"

मुन्नू बोला—"दो पैछे में थिलौनेवाला दे गआ ऐ !"

रोहिणी सोचने लगी—इतने सस्ते कैसे दे गया है ?
कैसे दे गया है, यह तो वही जाने। लेकिन दे तो गया ही है, इतना तो निश्चय है।

जरा-सी बात ठहरी, रोहिणी अपने काम में लग गई। फिर कभी उसे इस पर विचार करने की आवश्यकता भला क्यों पड़ती।

(२)

छै महीने बाद—

नगर-भर में दो-ही-चार दिनों में एक मुरलीवाले के आने का समाचार फैल गया। लोग कहने लगे—भाई वाह ! मुरली बजाने में यह एक ही उस्ताद है। मुरली बजाकर, गाना सुनकर, वह मुरली बेचता भी है। सो भी दो-दो पैसे। भला इसमें क्या मिलता होगा। मेहनत भी तो न आती होगी

उत्तर मिला—" उमर तो उसकी अभी अधिक न होगी, य
स-बत्तिस का होगा। दुबला-पतला गोरा युवक है, बीकाने
ीन साफ़ा बाँधता है।"

"वही तो नहीं, जो पहले खिलौने बेचा करता था?"

"क्या वह पहले खिलौने भी बेचता था?"

"हाँ, जो आकार-प्रकार तुमने बतलाया, उसी प्रकार
भी था?"

"तो वही होगा। पर भई, है वह एक ही उस्ताद?"

प्रति दिन इसी प्रकार उस मुरलीवाले की चर्चा होती। प्र
 नगर की प्रत्येक गली में उसका मादक मृदुल स्वर सुन
ता—"बच्चों को बहलानेवाला मुरलियावाला!"

रोहिणी ने भी मुरलीवाले का यह स्वर सुना। तुरन्त
 खिलौनेवाले का स्मरण हो आया। उसने मन-ही-
ा—खिलौनेवाला भी इसी तरह गा गाकर खिलौने बे
ता था।

रोहिणी उठकर अपने पति विजयबाबू के पास गई
ी—"ज़रा उस मुरलीवाले को बुलाओ तो, चुन्नू-मुन्नू
ये ले लूँ। क्या जाने यह फिर इधर आवे, न आवे। वे भ
न पड़ता है, पार्क में खेलने निकल गए है।"

विजयबाबू एक समाचार-पत्र पढ़ रहे थे। उसी तरह उ
ये हुए वे दरवाजे पर आकर मुरलीवाले से बोले—"क्यों भ

क आई । इस तरह दौड़ते-हाँफते हुए बच्चों का झुण्ड आ
चा । एक स्वर से सब बोल उठे—"अम वी लेंदे मुल्ली, औल
म वी लेंदे मुल्ली ।"

मुरलीवाला-हर्ष-गद्‌गद्‌ हो उठा । बोला—"सबको देंगे भैया,
रा रुको, ज़रा ठहरो, एक-एक को लेने दो । अभी इतनी जल्दी
म कहीं लौट थोड़े ही जायँगे । बेचने तो आए ही हैं । और हैं
इस समय मेरे पास एक दो नहीं, पूरी सत्तावन ।...हाँ
बू जी, क्या पूछा था आपने, कितने में दीं ?...दीं तो वैसे
न-तीन पैसे के हिसाब से हैं, पर आपको दो-दो पैसे में ही
दूंगा ।"

विजयबाबू भीतर-बाहर दोनों रूपों में मुसकरा दिए । मन-
-मन कहने लगे—"कैसा ठग है ! देता सबको इसी भाव से
। पर मुझ पर उल्टा एहसान लाद रहा है । फिर बोले—"तुम
गों को झूठ बोलने की आदत होती है । देते होगे सभी को
-दो पैसे में पर एहसान का बोझ मेरे ऊपर लाद रहे हो ।"

मुरलीवाला एकदम अप्रतिभ हो उठा । बोला—"आपको
या पता बाबूजी कि इनकी असली लागत क्या है । यह तो
ाहकों का दस्तूर होता है कि दूकानदार चाहे हानि ही उठाकर
ीज़ क्यों न बेचे, पर ग्राहक यही समझते हैं—दूकानदार मुझे
ूट रहा है ।...आप भला काहे को विश्वास करेंगे । लेकिन सच
ूछिए तो बाबूजी, इनका असली दाम दो ही पैसे है । आप कहीं
ी भी दो-दो पैसे में ये मुरलियाँ नहीं पा सकते । मैंने तो पूरी एक

दो मुरलियाँ लेकर विजयबाबू फिर मकान के भीतर पहुँ-
।

मुरलीवाला देर तक उन बच्चों के झुण्ड में मुरलियाँ बेचत
। उसके पास कई रङ्ग की मुरलियाँ थीं। बच्चे जो रङ्
न्द करते, मुरलीवाला उसी रङ्ग की मुरली देता।

"यह बड़ी अच्छी मुरली है, तुम यही ले लो बाबू राजाबा
हारे लायक तो बस यह है।...हाँ भये, तुमको वही देंगे। य
। ..तुमको वैसी न चाहिये, ऐसी चाहिये?—यह नारङ्
की?—अच्छा यही लो।...पैसे नहीं हैं? अच्छा, अम्म
पैसे ले आओ। मैं अभी बैठा हूँ।...तुम ले आए पैसे?..
च्छा यह लो तुम्हारे लिये मैंने पहले ही से निकाल रक्ख
।...तुमको पैसे नहीं मिले! तुमने अम्मा से ठीक तरह
गे न होगे? धोती पकड़ के, पैरों में लिपट के, अम्मा से पै
गे जाते हैं, बाबू। ...हाँ फिर जाओ। अबकी बार मि
यँगे। ...दुअन्नी है? तो क्या हुआ, ये छ पैसे वापस लो
क हो गया न हिसाब? ...मिल गये पैसे! देखो, मैंने कैस
कीब बताई! अच्छा अब तो किसी को नहीं लेना है?—स
चुके? तुम्हारी माँ के पास पैसे नहीं हैं! अच्छा, तुम भी य
।...अच्छा तो अब मैं चलता हूँ।"

इस तरह मुरलीवाला फिर आगे बढ़ गया।

(३)

आज अपने मकान में बैठी हुई रोहिणी मुरलीवाले की सा

ा जान पड़ता है ? समय की बात है, जो बेचारा इस तर
ा-मारा फिरता है । पेट जो कराए सो थोड़ा ।

इसी समय मुरलीवाले का क्षीण स्वर निकट की दूसरी गल
सुनाई पड़ा—बच्चों को बहलाने वाला, मुरलीवाला !

रोहिणी इसे सुनकर मन-ही-मन कहने लगी—"स्वर कैस
ठा है इसका !"

बहुत दिनों तक रोहिणी को मुरलीवाले का यह मीठा स्व
र उसकी बच्चों के प्रति स्नेह-सिक्त बातें याद आती रहीं
ीने-के-महीने आए और चले गए, पर मुरलीवाला न आया
र धीरे-धीरे उसकी स्मृति भी क्षीण होती गई ।

(४)

आठ मास बाद—

सर्दी के दिन थे । रोहिणी स्नान करके अपने मकान क
पर चढ़ कर आजानुविलम्बित केश-राशि सुखा रही थी
ी समय नीचे की गली में सुनाई पड़ा—बच्चों को बहलाने
ला, मिठाईवाला ।

मिठाईवाले का यह स्वर परिचित था, झट से रोहिणी नी
र आई । इस समय उसके पति मकान में नहीं थे । हाँ, उसक
ा दादी थी । रोहिणी उनके निकट आकर बोली—"दाद
नू मुन्नू के लिये मिठाई लेनी है। जरा कमरे में चलकर ठहरा
। मैं उधर कैसे जाऊँ, कोई आता न हो । जरा हटकर मैं
क की ओट में बैठी रहूँगी ।"

दादी उठकर कमरे में आकर बोली—"ए मिठाईवाले, इ

? नयी तरह की मिठाइयाँ हैं; रंग-बिरंगी, कुछ-कुछ खट्टी
-कुछ मीठी और जायकेदार। बड़ी देर तक मुँह में टिकत
जल्दी नहीं घुलतीं। बच्चे बडे चाव से चूसते है। इन गुण
सिवा ये खाँसी को भी दूर करती हैं कितनी दूँ ? चपटी, गो
र पहलदार गोलियाँ हैं। पैसे की सोलह देता हूँ।"

दादी बोली—"सोलह तो बहुत कम होती है; भला पची
देते।"

मिठाईवाला—"नहीं दादी, अधिक नहीं दे सकता
तो भी कैसे देता हूँ, यह अब मै आपको क्या...। खैर,
धिक तो न दे सकूँगा।"

रोहिणी दादी के पास ही बैठी थी। बोली—"दादी, फि
काफी सस्ती दे रहा है। चार पैसे की ले लो। ये पैसे रहे।
मिठाईवाला मिठाइयाँ गिनने लगा।

"तो चार पैसे की दे दो। अच्छा, पचीस न सही, बीस
। अरे हाँ, मैं बूढ़ी हुई, मोल-भाव मुझे तो अब ज्यादा करन
नहीं आता।"—कहते हुए दादी के पोपले मुँह की जरा-
ुस्कराहट भी फूट निकली।

रोहिणी ने दादी से कहा—"दादी इससे पूछो, तुम इस शह
और भी कभी आए थे, या पहली ही बार आए हो। य
निवासी तो तुम हो नहीं।"

रोहिणी चिक की आड़ से ही बोली—"पहले यही मिठा
ते हुए आए थे, या और कोई चीज लेकर ?"

मिठाईवाला हर्ष, संशय और विस्मयादि भावों में डूबक
ला—"इससे पहले मुरली लेकर आया था; और उससे
ले खिलौने लेकर।"

रोहिणी का अनुमान ठीक निकला। अब तो वह उस
र भी बातें पूछने के लिये अस्थिर-अधीर हो उठी। व
ली—"इन व्यवसायों में भला तुम्हे क्या मिलता होगा ?"

वह बोला—"मिलता तो क्या है, यही खाने-भर को मि
ता है। कभी नहीं भी मिलता है। पर हाँ, सन्तोष और धीर
र कभी-कभी असीम सुख जरूर मिलता है। और यही
हता भी हूँ।"

"सो कैसे ? वह भी बताओ।"

"अब व्यर्थ में उन बातों की चर्चा क्यों करूँ। उन्हे आ
ने ही दें। उन बातों को सुनकर आपको दुःख होगा।"

" जब इतना बताया है, तब और भी बता दो।
त उत्सुक हूँ। तुम्हारा हर्जा न होगा। और भी मिठाई
लूंगी।"

अतिशय गम्भीरता के साथ मिठाईवाले ने कहा—

मैं भी अपने नगर का एक प्रतिष्ठित आदमी था। मका
व्यवसाय, गाड़ी-घोड़े, नौकर-चाकर सभी कुछ था। स्त्री थ

खिलौने। उनकी अठखेलियों के मारे घर में कोलाहल मचा रहता था। समय की गति—विधाता की लीला ! अब कोई नहीं है। दादी, प्राण निकाले नहीं निकले। इसीलिए अपने उन बच्चों की खोज में निकला हूँ। वे सब अन्त में होंगे तो यहीं कहीं। आखिर कहीं-न-कहीं तो जन्मे ही होंगे। उस तरह रहता, तो घुल-घुलकर मरता। इस तरह सुख संतोष के साथ मरूँगा। इस तरह के जीवन में कभी-कभी अपने उन बच्चों की एक झलक-सी मिल जाती है। ऐसा जान पड़ता है, जैसे वे इन्हीं में उछल उछलकर हँस-खेल रहे हैं। पैसों की कमी थोड़े ही है। आपकी कृपा से पैसे तो काफी हैं। जो नहीं है, इस तरह उसी को पा जाता हूँ।"

रोहिणी ने अब मिठाई वाले की ओर देखा। देखा—उसकी आँखें आँसुओं से तर हैं।

इसी समय चुन्नू मुन्नू आ गए। रोहिणी से लिपटकर, उस का अंचल पकड़कर बोले—"अम्मा, मिठाई।"

"मुझ से लो"—कहकर तत्काल कागज की दो पुड़ियों में मिठाइयाँ भरकर मिठाईवाले ने चुन्नू मुन्नू को दे दीं।

रोहिणी ने भीतर से पैसे फेंक दिए।

मिठाईवाले ने पेटी उठाई और कहा—"अब इस बार ये पैसे न लूँगा।"

दादी बोली—"अरे-अरे, न-न अपने पैसे लिए जा भाई !

किन्तु तब तक आगे ...

निरीक्षण

सन् १६४७ ई० । मास सितम्बर । दिनांक १७ ।

केशव कार से उतरकर सीधा सतीश के यहाँ जा पहुँचा । पास पहुँचने से पहिले, द्वार से ही उसने कहना आरम्भ कर दिया—"आज आपको आना ही पड़ेगा ।" फिर कुर्सी पर बैठता हुआ बोला—"कितने दिनों से मैं कह रहा हूँ; लेकिन आप सदा समयाभाव का बहाना बना देते हैं । अगर आप मुझे माफ करें तो मैं कहूँगा कि—भले काम के लिए जिन लोगों के पास समय का अभाव रहता है, उनको...।"

कि सतीश मुस्कराता हुआ बोल पड़ा—"उनको आज गोली से उड़ा देने का वक्त आ गया है । बस, यही न ?" और आँखों से चश्मा उतार कर उसके लैंस को श्यामा लेदर से साफ करने लगा !

केशव बोला—"ऐसा मैं नहीं, आप ही कह सकते हैं; क्योंकि आप हमारे मान्य नेता हैं । अतः आप जो कहेंगे, उसे चुप-चाप मान लेना मेरा कर्तव्य है ।" सतीश को बात-बात में ...लापन की दुहाई से एक चिढ़-सी हो गयी है । इसलिए भाव ...दलकर और फिर सतीश की ओर देखकर स्वयं ही मुस्कराता ...आ बोल उठा—"मज़ाक नहीं, सच-सच बतलाइये, किस ...क आइयेगा ?"

"—"

अभिप्राय तो सिद्ध नहीं करना है ? सतीश ने ऐसे सहजभाव ः
कह दिया कि एक आलोचक की कटुता का भान भी केशव कं
न हो पाया। किन्तु वह जानता है कि यह व्यक्ति मेरं
दुर्बलताओं को भी मृदुलता से ही टटोलता है ! इसलिए क्षणभर
को तो वह सम्भ्रम में पड़ गया। लेकिन सहन फिर भी कर नहीं
पाया इस आक्षेप को ! बोला—"आज भी अगर मेरी क़ीमत
पिछले हिसाब से ही लगाइयेगा, तो आमरण अनशन किये
बिना मुझे संतोष न होगा !" साधारण रूप से कह जाने पर
भी जब उसे संतोष न हुआ तो फिर कह डाला—"आज का
जगत् भी अगर सुधरे हुए समृद्धिशाली व्यक्तियों पर अविश्वास
ही करता रहेगा, तो बापू के जीवन की सारी साधना व्यर्थ
हो जायगी। कभी सोचा है आपने ?"

कहते हुए केशव उठ खड़ा हुआ। सतीश ने कहा—"बैठो-
बैठो ! बिगड़ो मत ज्यादा। आज मैं आऊँगा तुम्हारे काम का
निरीक्षण करने।"

एक ओर लोग शरणार्थियों को खाना परोस रहे थे और
शरणार्थी खाने पर टूट रहे थे। कुटुम्बियों के अमानुषिक
उत्पीड़न, वियोग और भूख की ज्वाला ने उनका संयम अस्थिर
कर डाला था। उनका मानसिक स्तर स्थानान्तरित होगया
था—सभ्यता से उतरकर असभ्यता और नागरिकता से च्युत
होकर अनागरिकता अब उनके लिए अधिक स्वाभाविक होगयी
थी। उनका धैर्य खो गया था; क्योंकि उनका संसार उजड़ गया
था। उनका असामान्य पौरुष खो ...

दूसरी ओर एक कमरे मे, कई शरणार्थियों से घिरा हुआ केशव बोल रहा था—"आप लोग यहाँ मेहमानदारी के लि तो आये नही, और यह भोज भी किसी सिंघानिया का प्रीति भोज नही है। फिर आप लोगों का यह कहना कि हमें खाने मे फल नहीं मिले, और मिठाई एक भी नही मिली, शोभा नही देता।"

उसका उत्तर उसे मिलता है—"शोभा आपको नहीं देता महाशयजी हमसे ऐसी बातें करना। हम फल और मिठाइयों पर लार टपकाने वालों में से नहीं हैं। हमारा तो कहना यही है कि आप हमको गलत मत समझिए। मुश्किल तो यह है कि आप यह सुनना भी पसन्द नहीं करते कि हमारे यहाँ का मामूली स्टैंडर्ड क्या है?"

केशव इस उत्तर को सुनकर स्तब्ध हो उठा!

शरणार्थियो के उस दल में कई स्त्रियाँ और नवयुवतियाँ भी है। एक व्यक्ति साग परोसने के लिए ज्योंही चार कटोरियो से भरा चौघरा लेकर उनके सामने पहुँचा, त्योंही वहाँ हलचल मच गयी।—"इधर भी लाना महाशयजी!" एक ओर से एक ौढ़ा ने कह दिया। इतने में आम की फाँक परोसता हुआ ्सरा व्यक्ति वहाँ जा पहुँचा, तो एक नवयुवती की दृष्टि उस पर ा पड़ी। बोली—"दो फाँके इधर भी।"

लेकिन तब तक थाल खाली हो चुका था।

सतीश पास ही खड़ा था।

ज्योंही सतीश ने उस नवयुवती की ओर ध्यान से देखा र
उसके स्मृति-पट पर कुछ चित्र घूमने लगे।

(२)

सन् १६४० ई०। मास अगस्त। दिनांक १२।

उस दिन रास्ते में उसे केशव मिल गया था। वह कहीं से तांगे पर आरहा था। अँधेरे में साइकिल पर किसी को आता देख उसने टार्च का स्विच ऑन कर दिया। फिर शरीर और ग्रीवा की एक लचक के साथ उसने कहा—"ओः सतीश। माफ कीजियेगा, आप तो सतीश है! लेकिन...इस वक्त जा कहाँ रहे हैं उस्ताद?"

फिर तेवर बदलकर ताँगेवाले से कहने लगा—"अबे खड़ा-कर! देखता नहीं कि मैं एक फ्रैंड से बातें कर रहा हूँ! नामाकूल, बटेर की औलाद!"

सतीश कुछ कहने ही वाला था कि ताँगेवाले पर केशव जो बरस पड़ा तो वह उसे देखता ही रह गया।

ताँगेवाला सहम गया, काँप उठा यह देखकर कि यह व्यक्ति आदमी की शकल में शैतान, और हैसियत में हमारा आक़ा है। ताँगा खड़ा करके वह केशव को इस तरह देखने लगा, जैसे गली चूहे की आँखें किसी बिल्ली को देखती हैं।

केशव ताँगे पर से उतर पड़ा और उसने ताँगेवाले को आदेश दिया—"ताँगा वापस लेजा।" ताँगा चल पड़ा और वह सतीश की ओर घूम गया। ...

"उतरिए-उतरिए, मुझे आपसे कुछ कहना है।" फिर टार्च क प्रकाश उसने सतीश की साइकिल की ओर फेंककर उसक हैंडिल थाम लिया।

सतीश साइकिल से उतर पड़ा। केशव के पास आते-आते उसने अनुभव किया, कि इस व्यक्ति के दिमाग़ का कोई पुरज़ा ढीला है। किन्तु अपने मनोभावों को रोक कर उसने कह दिया। "कहिए!"

केशव ने एक बार सतीश की ओर देखा, तो एकाएक उसे ऐसा प्रतीत हुआ जैसे सचमुच इसके आगे मैं एक कीड़ा हूँ, और यह एक सिद्ध पुरुष है। इसकी आँखें जब मेरे ऊपर आ पड़ती हैं तब मेरे मन में आता है, अपने सारे अपराध इसके आगे चुपचाप स्वीकार करलूँ। किन्तु फिर उसे याद आ गया कि यह प्रायः दूसरों के आग्रहों और अनुरोधों की अवहेलना करता है। तब वह स्वयं अहंकार से भर गया। तब जो कुछ वह कहना चाहता था उसे थोड़ा बदलकर उसने कह दिया— "आप मुझसे जितनी घृणा करते हैं, मैं आपके प्रति उतनी ही श्रद्धा रखता हूँ। अब मैं आप ही से पूछता हूँ—"हम दोनों में मनुष्य कौन अधिक है?"

सतीश केशव की इस बात को सुनकर चकित हो गया। ाह उससे ऐसे गूढ़ प्रश्न की आशा नहीं करता था। अतः केसी प्रकार की उत्कण्ठा प्रकट किये बिना सहज भाव से उसने कह दिया—"बात अगर सच हो, तो मानवता प्रबल आपमें ही ानी पड़ेगी। लेकिन मैं आपसे घृणा क्यों करने लगा?"

सकें। रोआँ-रोआँ आपका दंभ और पाखंड में डूब
ा है !"

एक बार तो सतीश को अपना पौरुष सजग होता जा
ा; किन्तु वह यही सोचकर रुक गया कि एक ही तमाच
ार ठिकाने से लग गया तो अंग-भंग हो जाने का डर
र यह उसकी कोरी कल्पना भी न थी। बचपन में एक बा
के एक साथी ने उसके घृणित परिहास के मिस कुछ क
ा था। उत्तर में उसने इतने ज़ोर का तमाचा मार दिय
कि उसका एक ओर का कान ही बधिर पड गया था
एव अपने ही द्वारा निर्धारित विनय, संयम और नियंत्रण
विजड़ित सतीश फीकी मुस्कराहट प्रकट करता हुआ
ा—"शायद !"

केशव मानो सतीश को उत्तेजित करना चाहता था। व
चता था कि उसकी बात का उत्तर देने में वह कटु हो जायगा
चा व्यक्तित्व रखने वाला व्यक्ति जब कटु बनता है, तब व
ा बन जाता है, जान पड़ता है—वह उस समय यही देखन
हता था, किन्तु अब उसको प्रतीत हुआ कि यह उसका भ्र
। तब वह पुनः सोचने लगा कि इस व्यक्ति में कोई ऐस
द्धि अवश्य है जिससे वह स्थान-च्युत नहीं होता; अपने सम
नहीं गिरता। तब उसे आश्चर्य ने घेर लिया और उसके म
आया कि—क्या कोई आदमी इतना ऊँचा उठ सकता है !

इसका फल यह हुआ कि वह स्वतः अपनी दृष्टि में औ

साइकिल को एक ओर फेंक पहिले झुककर केशव को कन्धे
पकड़ कर उठाते और पुन: उसे गले लगाते हुए सतीश बोला
—"आप यह क्या कह रहे हैं? मुझे ऐसा जान पड़ता है कि
ाप कुछ दुर्बलताओं से घिर गये हैं। किन्तु इस में चिन्ता की
ोई बात नहीं है। सृष्टि का ही यह एक कौतुक है कि प्रबल
ीव निर्बलों को खाते-खाते जब चरम विकास को प्राप्त हो
ाता है तब वह नष्ट हो जाता है और फिर जन्म लेकर निर्बलों
ी श्रेणी में आ मिलता है। अत: जो आप हैं वही मैं हूँ।
वल कुछ तत्वों का अंतर है। आपने अभी कहा था—"मैं पाखंडी
,—यह आपका भ्रम था। बुराइयों से मेरा वैर स्पष्ट है, किन्तु
नुष्य-मात्र के प्रति मेरी हार्दिक सहानुभूति है। शत्रु को भी
प्यार करता हूँ। मेरा बश चले तो मैं उसको भी मित्र
नालूँ।"

केशव सतीश के इस कथन को सुनकर विस्मित हो गया।
ौर तब किंचित् मौन के अनन्तर सतीश ने ही पुन: कहा—
चलिए!"

केशव का कण्ठ भर आया था और पलक भीग गये थे।
तीश ने एक हाथ से साइकिल उठायी और दूसरे हाथ से
शव का बायाँ हाथ थाम लिया। दोनों एक दिशा को चल
ये।

केशव अपने लाज की ओर जा रहा है; वह अब तक यही
मझ रहा था, पर निश्चित रूप से वह यह नहीं कह सकता

जिए, जो उसके हाथ में पड़ गयी है बस, अब उसी क
लम्ब शेष है। वह चाहे तो ऊपर आ सकता है और ब
कता है। पर उसके हाथों में इतनी भी शक्ति नहीं है कि व
ता से उस रस्सी को थाम सके। उसके हाथ शिथिल पड़ र
रस्सी उसके हाथ से छूट रही है; छूट रही है; वह अवलम
रहा है, खो रहा है!

सतीश सोचने लगा—"और चाहे जो हो, यह व्यि
हसी और वीर है, यह मानना पड़ेगा।"

सोचता-सोचता केशव बोला—आपको मेरे साथ चलने
ई आपत्ति तो नहीं।"

सतीश ने सान्त्वना और समर्थन के भावों में आकर कहा-
आपत्ति की इसमें बात क्या है ?"

बँगले के पास ज्यों ही उसका फाटक आ गया, त्यों
व उसी ओर मुड़ने लगा। सतीश ने रोकते हुए कहा-
धर कहाँ ? मेरा घर तो थोड़ा और आगे है।"

केशव ने एक बार फिर उस बँगले की ओर देखते हु
र दिया—"यहाँ मेरे एक मित्र रहते हैं। थोड़ी देर हम लो
ँ बैठते...तब।"

"पर मेरे पास अधिक समय नहीं है। मुझे तुरन्त घर जान
हिए। अच्छा हो, आप रुकें और मुझ को जाने दें।" सती
-ही-मन सोचने लगा—"यह आदमी जिस मित्र के यहाँ ज
है, हो सकता है कि वहाँ और भी देर लग जाय। मेर

दा उचित समय पर आती है पर इसी लिए क्या वह प्रिय
स्तु बन सकी है ?"

तब विवश होकर सतीश केशव के साथ चल दिया था।

(२)

बँगले के अन्दर पहुँचते ही बरामदे में एक सफेद कुत्ता देख
ड़ा बदन पर इतने घने और लम्बे बाल कि दृष्टि पड़ते ही हाथ
टटोलने को जी ललचा उठे । केशव को देखते ही दौड़कर
ह पैरों के पास जाकर ऊपर को मुँह करके पूँछ हिलाने लगा।
तीश को यह जानने में देर नहीं लगी कि इस घर के
लिए केशव परिचित ही नहीं, अत्यन्त आत्मीय है। केशव ने उसे
क बार पुकारा, दो बार पुकारा और फिर सिर पर हाथ फेरते
हुए कह दिया—"जा रे, अपनी मलका को खबर तो करदे।"

तुरन्त कुत्ता भीतर चला गया। पीछे-पीछे केशव हलकी हरी
बिजली से आलोकित भीतर ड्राइंग रूम में जाकर बिजली के
पँखे का बटन दबाता हुआ बोला—"बैठिए !"

सतीश उस समय थोड़ा शंकित हो उठा था, जब भीतर
खबर करने के सिलसिले में केशव ने 'मलका' शब्द का प्रयोग
किया था। पर ड्राइंग रूम देखकर शंका का भाव और आगे न
बढ़ सका। कमरे में पड़ी गद्देदार कोचों, फ़र्श पर मखमली
क़ालीनों और दीवारों पर लटकते सुन्दरतम चित्रों की दृश्यावली

सतीश बोल उठा "अपनी ऐसी आदत ही नहीं है।"

केशव ने कह दिया—"सम्भव है आपने बैरिस्टर सोहनल
ा नाम सुना हो।"

सतीश यह कहने जा ही रहा था कि मैंने नहीं सुना कि ए
धेड़ दासी ने प्रवेश करते हुए एक तश्तरी में पान-इलाय
समने तिपाई पर लाकर रखते हुए कहा—"सरकार अभी
नट में आ रही हैं।"

और इसी समय कुत्ता आकर वहीं बैठ गया। केशव पा
तश्तरी को आगे बढ़ाता हुआ बोला—"लीजिए, प
ाइए।"

उसने तश्तरी उठायी ही थी कि सतीश बोल उठा—"आपक
लूम है कि मैं पान नहीं खाता।"

केशव ने उत्तर दिया—"केवल ज्ञान होने से अनुभव न
जाता। ज्ञान में यदि इतना बल होता कि उसको पाक
ुष्य बदल सकता, तो संसार आज दूसरी ही स्थिति में होता
न की भी एक सीमा है। पर भोज्य पदार्थों का स्वाद कैस
ा है, इसका ज्ञान जो लोग बतलाने मात्र से प्राप्त कर ले
वे तोते हो सकते है, आदमी नहीं।...फिर हरएक पान बर
नहीं होता। खाकर देखिए ज़रा......।"

फिर भी सतीश ने पान छुआ तक नहीं। उत्तर मे वह पहि
कराया, फिर बोला—"एक सीमा तक मैं आपके कथन व

आ, एक निश्चित अवधि में दुर्ग को ध्वंस कर डालता है, जिसका उसे केवल ज्ञान है, किन्तु जिसकी सूरत उसने कभी नहीं देखी।

तब केशव झट से कुर्सी से उठकर भीतर जाता हुआ बोला —"यहाँ आप यह भूल रहे हैं कि यह अपवाद है। साधारणतः ऐसा हुआ नहीं करता।"

वह दो कदम अन्दर बढ़कर फिर लौट आया और बोला— "मित्र या अतिथि की बिदाई के क्षण अपनी मलका के साथ चलता हुआ न पाकर यह कुत्ता कभी-कभी अपनी जातिगत प्रकृति का परिचय देने लगता है। हालाँकि ऐसा अवसर नहीं आयगा; मैं भीतर बैठने नहीं जा रहा हूं।"

—"मैं इस तूफानी आदमी के साथ चला ही क्यों आया? पता नहीं कब चलना हो?" सतीश के मन में आया ही था कि उसने लक्ष्य किया, भीतर थोड़े अन्तर से वायलिन के मधुर स्वर आ रहे हैं। वह तत्काल उठा और उसने चाहा कि उठकर चल दे, चाहे वही दृश्य भले ही उपस्थित हो जाय, जिसका परिचय केशव अभी दे गया है। पर तुरंत उसने देखा, केशव के साथ एक लड़की आ गयी है। वह बारह के लगभग। देह पर केवल एक रेशमी कुरता और सलवार। कंधों पर जानु पर्यन्त फहराता झीना दुपट्टा। कटि के नीचे तक लटकती हुई गुँथी वेणी, पैरों में दिल्ली की सुनहरी कामदार जूतियाँ। हीरे के रिंग कानों में चमक रहे हैं। आते ही नमस्कार करती हुई उस कुर्सी के पीछे

पर सतीश तब तक आत्मगत हो गया। नाम रूप के अनुरूप ही है। पीछे अपेक्षाकृत एक प्रौढ़ महिला भी आ उपस्थित हुईं अत्यन्त महीन श्वेत साड़ी उनकी सुगठित देहलता पर शोभित प्रतीत होती है, आते समय हाथ जोड़कर नमस्कार करने तथा उसकी शालीनता प्रभावित करता है।

केशव ने परिचय देते हुए कहा—"श्रीमती अलका दर। और आपका परिचय अन्दर दे ही चुका हूं।"

परिचय के अन्तिम शब्द के ठीक बाद ही अलका बोली—"नाम सुन रखा था। आज सामने पाकर बड़ी खुशी हुई"

और हीरन कहने लगी—"श्रीमान् केशवकुमार एम० ए० (पेशगी) आज कितने दिनों में पधारे हैं, माँ! जुलाई-अगस्त में तो यह हाल था कि......।" फिर कहते-कहते रुक गयी और मुस्कराती हुई बोली—"दरवाजे की धूल कुछ अधिक साफ रहने लगी थी।" और रूमाल मुँह से लगा लिया।

"तो यह बात है!"—सतीश के मन पर एक निश्चय-बिन्दु बैठ गया, सोचने लगा—"पर क्या यह उचित है? उचित-अनुचित का विचार न भी करें, तो भी क्या यह स्वस्थ है? या इसमें जो परिहास है उसमें किंचित् आलोचन भी है।"

हीरन कथन के पूर्व केशव के पीछे से हटकर माता के पीछे चली आयी थी और केशव कथन के बाद सोफा से उठकर बरामदे में चला गया था। पर अब आठ अंश का कोण बनाते हुए झब्बेदार पर्दों के नीचे खड़ा होकर कहने लगा—"आ...
तो ...

"तू बड़ी ढीठ हो गयी है हीरन !"—कहती हुई अलका ने उसके सिर पर हाथ लेजाकर उसे हिला दिया और कहा—"क्यों !" फिर उसका हाथ पकड़ लिया, बोली—"बड़ों के सामने भला कोई इस तरह की बात करता है ?" और हाथ से अपने पास खींचती हुई कहने लगी,—"इधर आकर ठीक तरह से बैठ !"

हीरन ने माँ का हाथ छोड़ दिया। फिर थोड़ा मुँह बनाकर मानो आदेश की उपेक्षा करती हुई वह बोली—"हम यहाँ बड़े मजे में खड़े हैं। बड़ों के बराबर बैठना मना है। ऐसा वेद का वचन भी है।"

सतीश हीरन के मुख से शिष्टाचार की कठोर सीमाओं के प्रति वेदवाणी की कल्पित दुहाई सुनकर हँस पड़ा। हीरन यह देख प्रफुल्ल हो उठी कि उसका उत्तर सतीशजी को पसंद आया। खिलखिलाती हुई पूछ बैठी—"अच्छा बतलाइए, किस क्लास में हूँ ?"

सतीश ने देखा, केशव जिस आदमी के साथ फाटक की ओर जा रहा है, वह बगल में कपड़े से ढका हुआ वायलिन-सा कुछ दबाये हुए है। फिर उधर से ध्यान हटाकर उसने उत्तर दिया—"उमर के ख्याल से नवें में, प्रकृति के विचार से सातवें में और ज्ञान के विचार से दसवें में।"

हीरन बोली—"आप वास्तव में विद्वान हैं। मैं आपको पुनः नमस्कार करती हूँ।" और कथन के साथ वह माँ के पास जा बैठी। उसकी मुद्रा इस समय अपेक्षाकृत गंभीर हो गयी थी।

सतीश ने लक्ष्य किया, केशव ने ठीक अवसर पर लक्ष्य-वेध किया है, और विमल हास के साथ उत्तर दिया—"नहीं वत्स ! देर का कोई प्रश्न नहीं !" और वह उठने का उपक्रम कर ही रहा था कि अलका बोली—"आप तो पड़ोस ही में रहते हैं। देर भी हो जाय तो पहुँचते देर न लगेगी। फिर अभी आपका कुछ स्वागत-सत्कार भी... ... ..।"

वाक्य पूरा भी न हो पाया था कि दासी दो तश्तरियों मे आम ले आयी।

आतिथ्य-भार से संकुचित सतीश बोला—"यह आपने क्या किया ? मैं तो अभी एक मित्र के यहाँ से चाय और उस की कम्पनी को स्वीकार करके आ ही रहा हूँ।"

और मृदुल सरलता से अलका कहने लगी—"बरफ़ से तर किये हुए हैं। आपको पसन्द आयेंगे।"

और केशव हीरन की तरफ़ दृष्टि-क्षेप करता हुआ बोला—"मैं इस समय आम-वाम कुछ नहीं खाने का।"

तब मुस्कराहट रोकती हुई हीरन कहने लगी—"राशनिंग के कारण चीनी आजकल इतनी कम मिलती है कि मैंने फ़रमायशी चाय पिलाना बन्द कर दिया है।" और कथन के बाद उसने होंठ दबा लिये।

निश्छल सरलता से मन्दहास झलकाती अलका बोली—"इतना रमिया जानती है कि हमारे किस अतिथि के लिए कौनसी चीज बनानी होती है।"

ओर अलका ने हीरन के कान के पास मुँह ले जाकर कहा
ख तो, देर क्यों हो रही है ?"
हीरन भीतर चली गयी।

(४)

इतने में रमिया भागती हुई आकर बोली—"माँ जी, व
रथ हो गया।"
अलका घबड़ाकर उठती हुई बोली—"क्या हुआ ?"
भीतर से एक मन्द-क्रन्दन-ध्वनि सुन पड़ी। रमिया हाँफ
विशृंखलित भाषा में बोली—"बिल्ली ने एक लाल
ाकर खतम कर दिया !"

चप्पलों और जूतों की धमक। एक दालान, फिर जीन
ीं ओर बगल में छूटा हुआ एक कमरा। सामने खुली छत
के पश्चात् बराण्डा। चार लाल पिंजड़े के अन्दर। एक दुबक
ा बैठा है। दो इधर-उधर फुदक रहे हैं और एक तीलियों
ग मार रहा है। नीचे मृतप्राय एक लाल पड़ा छटपटा रह
गर्दन में दाँत धँस जाने से घाव हो गया है। उस पर र
छला आया है। दूसरा दाँत पङ्ख के मूल में लगा है औ
के कारण वह पङ्ख उस स्थान से उखड़कर उलट गया है
की लाल चोंच भूमि की ओर नत हो कर रह गयी है।

रमिया कह रही थी—"जिस समय मैंने देखा, उस सम
ी पहिले बायीं ओर के कमरे से इधर आ रही थी। उ

यही सँड़सी थी, सो मैंने उसको मार दी। सँड़सी उसके पैर ं लगी, तब तक मैं पास आ गयी। बिल्ली का वह पैर भी चोट खा गया है।"

आते समय सतीश ने केशव की ओर देखा—उसके मुख की वह श्री खो गयी है। उसपर पुत गयी है, दुःख की एक म्लान-छाया। वाणी मूक है। नेत्र स्तब्ध। एक ओर स्थिर मूर्तिवत खड़ा है जैसे जड़ बन गया है। जान पड़ा, इस घटना ने उस पर प्रभाव डाला है। किन्तु फिर प्रश्न उठा, कैसा प्रभाव? क्या वह सोच रहा है कि जीवन की यही गति है? अथवा वह सोच रहा है कि निर्बल सबलों के लिए सदा भोज्य बनता आया है। माना कि बिल्ली ने निरीह पक्षी की जान ले ली, जो अभी दस मिनट पूर्व इस सृष्टि के लिए शोभा और आकर्षण की वस्तु थी; किन्तु फिर बिल्ली के उदरपोषण की व्यवस्था क्या हो। आखिर उसकी भूख भी तो एक जीव की भूख है? फिर जान पड़ा उसकी अनुशोचना के उत्तरार्द्ध का यह वैज्ञानिक समाधान प्रकृति-मूलक जड़वाद नहीं, जीवन की क्षण-भङ्गुरता का यथार्थ स्वरूप है।

सतीश बोल उठा—"जीवन के इन दोनों क्षणों का यही अन्त है। संसार में ऐसी कोई शक्ति नहीं है जो इसमें अन्तर ाल सके, और इन्हीं दो क्षणों का उपयोग हम किस जड़ता ौर निर्ममता के साथ करते हैं।"

किसी ने कोई उत्तर नहीं दिया। अलका उसकी ओर

इसी समय केशव ने निःश्वास लिया और सतीश बोला—"अब मुझको तो आज्ञा दीजिए।"

केशव वहीं ठहर गया। अलका उस समय चाय के लिए आग्रह न कर सकी। सतीश बाहर चलने लगा तो अलका उसके पीछे हो ली।

हीरन के आँसू नहीं थम रहे थे।

× × × ×

उसी हीरन को इस शरणार्थी अवस्था में देखकर आज सतीश के आँसू भी थम नहीं रहे थे। वे आम की डिरों, वह लाल, जिसे बिल्ली ने दबोच लिया था ...... वह हीरन, जिसे चिड़िया तक पर प्यार था......—आज उसकी यह अवस्था!

और वह आज उस शरणार्थी कैम्प का निरीक्षण करने आया है; जिसमें हीरन जैसी सकड़ों, हजारों, लाखों...... !

उसकी आँखों से आत्मा का रक्त अब भी गिर रहा था—टप टप—टप टप !!

महापुरुष

मैं इस समय कचहरी में बैठा हूँ—नाज़िरात में। ऐसा ही कुछ काम आ गया है। यों काम चाहे न भी लगे, पर जब कभी-कभी मैं स्वयं ऐसे काम में लग जाता हूँ, तो चारा क्या है! जीवन में तृष्णा है और तृष्णा में द्वन्द्व। फिर द्वन्द्व ही जीवन है।

हाँ, तो मैंने कहा न कि मैं नाज़िरात में बैठा हूँ। कुछ सोच रहा हूँ, कुछ देख रहा हूँ। सोच-सोच कर देखता हूँ, और देख-देखकर सोचता हूँ। विविध प्रकार के चित्र सामने आ जा रहे हैं।

एक वकील साहब पेंट में हाथ डाले हुए जा रहे हैं। गति उनकी मन्द है।...कोट के बाहिरी जेब में मोड़ कर रक्खा हुआ चश्मा झलक रहा है। साइकिल पर आप आये हैं और पेंट में निम्न भाग को मोड़कर जो क्लिप लगाया जाता है वह अभी तक ज्यों का त्यों लगा हुआ है। पर इस ओर वकील साहब का ध्यान नहीं गया है। ध्यान जाये भी क्यों? उसकी ज़रूरत?......सिर के बाल सफेद हो गये हैं। पूरे तो नहीं, अधिकांश! लेकिन इससे क्या? बालों की सफेदी कोई चीज़ नहीं होती। दिल जिसका उज्ज्वल है, उसके बाल कभी उजले नहीं होते। और अगर हो भी ...

और वकील साहब ने जेब में हाथ डालकर देखा कि नोट कहीं ग़ायब तो नहीं हो गये! इसलिये तुरन्त उनको निकालकर गिनने भी लगे— एक-दो-तीन। ठीक तो हैं। दस-दस रुपये के तीन नोट हैं और सुरक्षित हैं।... फिर दूसरे हाथ से बाहिरी जेब में से चश्मा निकालना चाहा। ज़रा सा ऊपर को उठाया भी; किन्तु फिर जहाँ का तहाँ रख दिया और बढ़ चले। किन्तु दो ही क़दम आगे बढ़ पाये थे कि फिर लौट पड़े। अच्छा-तो— शायद कोई चीज़ भूल गये हैं।

इसी समय एक दूसरे साहब देख पड़े। खसखसी दाढ़ी है आपकी। बाल अभी सफेद नहीं हुए है, लेकिन इच्छा उनकी ऐसी ही जान पड़ती है। गौर वर्ण है, सिर पर सफेद मारकीन की गोल टोपी। पायजामा कुछ ऊँचा, पैरों के गर्द-गुबार से सर्वथा निश्चिन्त। हाथी काल का पुराने ढब का जूता पहने हुए हैं। शरीर अचकन से चिपका हुआ है या अचकन ही शरीर से चिपक गयी है—कौन जाने; इस विषय पर मैं बहस नहीं करना चाहता। आप चाहे जो समझ लें—मुझे आपत्ति नहीं।

हाँ, तो मैं आगे कहता हूँ। बायीं ओर एक दुलाई बग़ल से दबाये हुए हैं और उसके नीचे चारखाने का एक डस्टर लटक रहा है। दायें हाथ में टोंटीदार एक लोटा भी है। प्रतीत होता है कि आप इसी वक्त देहात से चले आ रहे हैं।

मैं बाहर आ गया था। जाड़े की धूप खड़ी-खड़ी खिलखिला रही थी। उन्होंने तपाक से आदाब अर्ज किया, तो अपरिचय के कारण मैं क्षण भर उन्हें देखता रह गया। उत्तर में मैंने तसली-मात अर्ज तो किया लेकिन —

मैंने कहा—"जान पड़ता है, कचहरी में आप शायद पहली बार ही आये हैं।"

"जी, आप बहुत बजा फ़रमाते हैं। मैं तो कम्बख्ती का मारा आ भी गया। मगर कसम क़ुरान की, जो इसमें एक हरफ़ भी झूठ हो। मेरे पुरखे तो इससे कोसों दूर रहा करते थे।

"यह तो नाज़िरात है मुंशी जी! यहाँ वकील लोग नहीं बैठते। वे लोग अधिकांश पश्चिम की ओर बैठते हैं। वहाँ उनके अलग-अलग कमरे भी हैं, या फिर उस चौरासी खम्भे वाली धर्मशाला में, जिधर से आप आ रहे हैं।"

"बहुत अच्छा—बहुत अच्छा।" कहते हुए कुछ सिर हिलाया, कुछ विनय—बल्कि कृतज्ञता प्रदर्शित की। फिर कहने लगे—आपका मैंने जो वक्त लिया, जो तकलीफ़ दी, उसके लिए माफ कीजिएगा। आ......हुजूर का दौलतखाना?"

"मैं? मैं तो परदेशी आदमी हूँ। यहाँ यों ही आ गया। हाँ, इस ग़रीब का घर कानपुर ज़िले में है।

"तभी। तभी तो मुझे ताज्जुब हो रहा था कि ऐसी सुलझी हुई जबान यहाँ इलाहाबाद में कैसे आ गयी! अच्छा, इजाज़त चाहता हूँ। आदाब अर्ज।" वे चले गये।

चले तो गये वे; लेकिन आगे बढ़कर जो साहब उनके सामने आये, उनसे भी उन्होंने यही प्रश्न किया—"क्यों भाई जान, बाबू चन्दर परकाश वकील......?"

"मैं बाबू चन्दर परकाश का [illegible]

से सताये हुए कभी-कभी सी-सी करने लगते हैं।—क्योंकि आज सवेरे से हवा चल रही है। हाथ-पर-हाथ रगड़ रहे हैं।...खीझ के साथ मुंशी जी के प्रश्न का उत्तर देकर एक झटका सा खाकर चल खड़े हुए। संतोष फिर भी नहीं हुआ। कहने लगे—"अजीब देहाती दहकानी आदमी मिल जाते हैं!"

ये साहब एक बेरिस्टर हैं। अपने एक मित्र से पूछकर मैं अभी जान सका हूँ। कर्कश बहुत हैं आप। प्रायः कहा करते हैं—"दुनियाँ में जितने भी महापुरुष हुए हैं, सब आतंकवादी थे। लोग बात करना तो दूर रहा, उनके सामने से होकर निकलने में भी काँपते थे! आतंक वह चीज है, जो मोची को मंत्री तक बना देती है!"

मेरा काम हो चुका है। बस, मुझे किसी तरह यहाँ चार बजा देने हैं और अपने मित्र राजेश्वर के साथ चला जाना है। इसी नाजिरात में वह क्लर्क है। मैंने सोचा, जरा-सा घूम ही लूँ। ऐसा सजीव बाइसकोप भला और कहाँ देखने को मिलेगा?

एक-एक करके कई इजलासों में घूम आया। कहीं कोई परिचित व्यक्ति नहीं देख पड़ा। न मुंशी जी ही देख पड़े—न वे वकील साहब—न वे भावी महापुरुष। और मैं सोचता वही हूँ कि इन्हीं लोगों में से कोई मिल जाता, तो कितना अच्छा होता! वकील साहब को केवल थोड़ी देर देखना चाहता हूँ। बेरिस्टर साहब से उलझ पड़ने की तबियत होती है और मुंशी जी से मिलकर उनकी बातें सुनने की लालसा।

एक ओर पीपल के पेड़ तले आप ...

होगा ." अरे सुनो महराज !—कोई ताजी गरम चीज भी बनाई है ?"

"समोसे बन रहे हैं। पावभर ले आऊँ ?"

"और कोई मीठी चीज ?"

"बरफी बहुत बढ़िया है।"

"दोनों आध-आध पाव। लेकिन यहाँ मत लाना। कोई...! चलो वहीं चलें। तीन बज गया। भूख लग उठी है। काम में तबियत नहीं लग रही थी।" कहते-कहते मेरे कन्धे पर हाथ रखकर राजेश्वर चल दिया। हम लोग अभी महराज के पास पहुँच भी न पाये थे कि मुंशीजी दिखलायी पड़ गये।

तब राजेश्वर का साथ छोड़कर मैं तुरन्त उधर बढ़ गया। राजेश्वर पूछता ही रह गया—"अरे ! कहाँ जाते हो ? कुछ खाते तो जाओ।" लेकिन मुझे तो इस समय दूसरी ही खुराक चाहिये।

निकट पहुँचते ही मैंने पूछा—"कहिये भेंट हुई ?"

"कहाँ हो सकी ? कोई अपनी जगह पर नहीं मिला—"यहीं कहीं होंगे," उनके मुंशीजी कह रहे थे।

"उनको आप पहचानते हैं ?"

"यही तो मुसीबत है पंडित जी।"

"तो उनके मुंशी से क्यों नहीं कहा कि उनसे मिला दें।"

"कहना चाहता था। लेकिन कहना कैसे। ...

"लेकिन यह तो उसी का फर्ज था। इसमें पैसे की कौ
त थी ?"

"फर्ज क्या चीज है, किस वक्त पर और किस तरफ से शु
ा करता है, इसका फैसला भी तो यही लोग—सुना है कि-
ने आप कर लिया करते हैं।"

"चलिये, मैं आपके साथ चलता हूँ। उनके मुन्शी को ऐस
र बताता हूँ कि वह भी याद करे। यह भी नहीं सोचा ि
ससे काम निकलता है, उनकी सुगमता की ओर ध्या
 उनका कितना बड़ा धर्म है।" कथन के अनन्तर मैं मुन्श
को साथ ले चल दिया।

चलते-चलते मैं बातों में लग गया—

"आप किस काम से आये हैं ?"

"एक रुक्के की नालिश करनी है। रुपये वसूल होने क
ाद पूरी हुई जाती है। दोस्तों ने कहा—डिगरी करवा लो
े रुपये वसूल होने का मौका तो रहेगा।"

"आसामी की हैसियत क्या है ?" मैंने प्रश्न कर दिया

तब वे बोले—"हैसियत की बात न पूछिये ! महज एक ज
बैल की खेती करता है। जिस वक्त रुपया दिया था, उस वक्
की खुशहाल था। अब वह बात तो नहीं रही। लेकिन देन
हता, तो थोड़ा-थोड़ा करके दे भी सकता था।"

"कभी आपने तकाजा भी किया ?"

सुनकर मैं सोच में पड़ गया, मैं चुप रह गया ' तक़ाज़
हीन किया नहीं। आदमी भी वह बहुत सीधा-सादा है।.
चाहता तो दे भी सकता था—आखिर इन बातों का मतल
है ?"

मैंने मौलाना की ओर देखा। वे उस वक्त बड़े परेशान नज़
रहे थे। उनकी मुद्रा पर एक उद्दाम अनुशोचन था—पछ
रहे थे वे। मैंने कहा कुछ नहीं फिर भी वे बोले—मेरा मतल
परेशान करना नहीं। मैं तो सिर्फ कायदे की कार्यवा
ने चला आया। मुझे डिगरी इजराय नहीं करनी। लेकि
ान की ज़िन्दगी तो महज फ़र्ज़ का एक तक़ाज़ा है। आप
मतलब समझा कि नहीं ?"

अब हम लोग बाबू चन्द्रप्रकाश के कमरे में जा पहुँचे थे
री कह रहा था—"बाबू साहब आते ही होंगे। आप नाह
शान हो रहे हैं : तशरीफ रखिये।"

तब वे ज़मीन पर बिछे हुए टाट पर बैठ गये।

मैंने देखा—दुलाई और लोटा एक जगह कोने में क़ायदे
खा है। तब पूछ दिया—"आप खाना खा चुके कि नहीं ?
"खाना तो आज कल शाम को ही मिलता है। रमज़ान
त हैं न।" कहते-कहते यकायक मौलाना के मुख पर सात्वि
ता का अकृत्रिम उल्लास मुखरित हो उठा।

मेरे ध्यान में आया, राजेश्वर क्या कहता होगा, वह भूख

और उनके भूखे मुख पर रमज़ान शरीफ के लिये अटूट श्र
लोकित हो रही है। तब मुहर्रिर से मैंने कह दिया—

"क्यों मुन्शी जी, इसी तरह से आप अपने वकील साह
साथ अपना कर्तव्य पूरा करते हैं। ये वकील साहब से मिल
लिए कितने व्याकुल हैं, आपको यह बात अच्छी तरह
लूम हो चुकी है। इसका काम ज़रूरी भी हो सकता है। य
वना आपका ही काम है। फिर भी आप यह नहीं सोचते f
को उनसे मिलाकर बात करवा देना कितना ज़रूरी है
?"

तुरन्त उत्तर मिला।

"मैं एक और ज़रूरी काम में लगा हुआ था। चलिये, आ
रे साथ चले चलिये।"

उधर से वकील साहब आ रहे थे। बहुत परेशान से दे
रहे थे। उनके मुख पर हवाइयाँ उड़ रहीं थीं। अपने मुन्श
ओर देखते ही बोले—"वे तीनों नोट मालुम नहीं का
र पड़े।"

"नोट गिर पड़े!" चकित मुद्रा से मुंशी बोला।

"क्या कहा आपने?—नोट गिर पड़े। कितने के नोट थे
कहाँ गिर पड़े"—मौलाना ने पूछ दिया।

वकील साहब अप्रतिभ तो थे, लेकिन मौलाना के इस प्र
कि किस वक्त—कहाँ गिर पड़े—उनके ओठों पर क्षणिक ह

मुंशी बोला—"बतलाइये। कहाँ खोजूँ ?"

वकील साहब बोले—"खोजने की जरूरत नहीं है। सुब
ही मुझे डर लग रहा था, कहीं गिर न पड़ें। वही बात हुई
ी जेब में और भी कई कागजात थे, कई मरतबे उन
ालने की जरूरत पड़ी थी। किसी वक्त वे नोट भी साथ
कल कर गिर पड़े होंगे, पर अब क्या हो सकता है। जो ची
ने वाली है, उसे पास कौन रख सकता है ?"

फिर मुंशी से कहने लगे—"जाओ, मैं चेक देता हूँ। बै
रुपया ले आओ।"

"लेकिन अब तो सवा तीन हो रहा है।" मुंशी बोला।

"तो त्रिवेणी बाबू की नालिश आज भी रह गयी।" कह
चन्द्र प्रकाश उनकी फाइल देखने लगे।

इसी समय मैंने कहा—ये मौलाना आपको बड़ी देर
ज रहे थे। बंगाल से आये हैं। इनको आप से जरूरी का
मेरे ख्याल से अगर आप इनको भी थोड़ा सा वक्त दे दे
....।"

"पर मेरा काम ऐसा नहीं है कि उसे आज ही कर डालन
री हो। आप इतमीनान से अपने कागजात देख लीजिये
भी मुझे आज वापस नहीं जाना, मकान पर सारा मामल
झा दूँगा। यहाँ आपको जल्दी भी हो सकती है, यों भ
की कमी आपको हमेशा रहती होगी।"

कहते-कहते संकेत से मौलाना मुझे बाहर ले आये और ह

"कहिये—कहिये । न कहने की बात हो तो भी तबियत ह
कहीं डालिये ।" मैंने उत्तर दिया ।

"एक साहब से मैंने इन वकील का पता पूछा था । वे ज
गड़े दिल थे । बड़बड़ा उठे । मैं उनकी शक्ल देखता रह गया
र इन वकील साहब को खोजने के प्रयत्न में मैं जो इधर-उ
ता फिरा, तो वे साहब एक जगह पड़े हुए कुछ कागज़ा
ते देख पड़े । मैंने समझा, उनके होंगे । लेकिन..."

इस लेकिन के साथ उनका वक्तव्य स्थिर हो कर रह गया
उस समय उनसे कुछ कह नहीं सका । मैं सोचता था—सन्दे
तलोगत्वा है तो सन्देह ही, उसका अस्तित्व क्या ? बहुते
ाधार बातें भी मानस पर आ आकर तैरा करती हैं—त
ु पर हमारे संकल्प-विकल्प प्रश्नोत्तर बन बनकर उत्थि
नष्ट होते रहते हैं । मैं कैसे कहूँ कि बैरिस्टर ऐसा जघन्य का
सकता है !

इतने में राजेश्वर ने देख लिया । वह दूर से ही बोला-
चित्र आदमी हो ! उस समय जलपान के लिए मैं बुलाता ह
गया और तुमने घूम कर देखा तक नहीं । फिर महराज
ी भी मैं इन्तजार करता रहा । और अब देखता हूँ कि तु
र खड़े-खड़े मौलाना का वक्त खराब कर रहे हो ! या
ये ही थे तो कोई फौजदारी केस देखते । हमें साहब आये हैं
क़त्ल के मामले में; उनकी बहस ही सुनते । लेकिन तुम ठह
सक्कर के सनकी । "अच्छा चलो, अब तो चलो । आज
र ।...और हाँ मौलाना साहब, आप इनको साथ ले जा

तब मैंने अन्य उपाय न देख मौलाना साहब से कह दिया
ाप वकील के यहाँ तशरीफ़ रक्खें। मैं अभी आता हूँ।"
राजेश्वर बोला—"इन मौलाना साहब को तुमने बेक
स रक्खा है! इनसे तुम्हारी दोस्ती कब हो गयी? कभी इन
भी गये हो!" "ये मुझे नहीं जानते, लेकिन मैं इनसे परिचि
...अगर तुम खुद आदमी नहीं बन सकते, तो आदमी
ज्ज़त भी क्या तुम नहीं कर सकते?" मैंने जलकर कह दिया

'ओः तो यह कहो कि तुम बिहारी बाबू न होकर कोई मह
प हो!—देवता। और तभी सातवें आकाश से बोल रहे ह
जमीन पर चलो, जमीन पर।" मैंने तब जोर लगाकर हा
ा कर जाने छुड़ाने की चेष्टा करते हुए कह दिया—"मु
ने दो—मुझे जाने दो। मैं इस तरह...मुझे यह तरीका.
ई शर्म आनी चहिये।'

और उसे बरबस छोड़कर मैं भाग खड़ा हुआ।

तब प्रतिहत होकर राजेश्वर बोला—मुझे क्षमा करो बिहार
बू। मैंने कोई उत्तर नहीं दिया और मैंने उसकी ओर देखा त
। क्षण भर हम दोनों मौन रहे।

तब राजेश्वर बोला—" तुम नहीं जानते मैं तुम्हारी कित
ज़्ज़त करता हूँ। लेकिन मैं करूँ क्या, मैं अगर इस तरह
, तो यहाँ की नाटकीय जिन्दगी मुझे खा जाय! तुम जान
हरएक आदमी को समझने की कोशिश करने वाले व्यक्ि
इस दुनियाँ में काट का उल्लू कहा जाता है।

हे मैं इत्मीनान के साथ अपना काम समाप्त करके चल देता तुम्हारे साथ। मैं जानता हूँ, तुम्हें भूख लगी होगी।

मैंने कह दिया—"जब मुझे मानसिक भोजन ग्रहण करने का अवसर मिलता है, जब मैं शारीरिक भूख की चिन्ता नहीं करता, समझते हो न? मुझे मौलाना से मिलना जरूरी है। मैं थोड़ी ही देर में लौट आऊँगा। तुम ठीक चार बजे तो मेरे साथ चल दोगे न?"

"चार बजे! चार बजे तो नाजिर जी भी नहीं उठते, अच्छा, आज उनसे कह कर तुम्हारे लिए कुछ पहले ही चलने की कोशिश करूँगा!"

तब मैं मौलाना के पास चल दिया। वे वहीं खड़े-खड़े मेरी प्रतीक्षा कर रहे थे। मैं जो उनके निकट पहुँचा तो वे बोले—"अब मैं लौट जाना चाहता हूँ पंडित जी सोचता हूँ, मैं नाहक आया। रुपया वसूल हो चाहे न हो, पर मैं उस आसामी पर नालिश नहीं कर सकता। वह जब मुझसे चचा कहकर बात करेगा, तो उसके सामने मेरी निगाह झुक जायगी। थोड़े से रुपये के लिए मैं अपनी ही नजरों में गिरना नहीं चाहता। रह बाकी रुपये वसूल होने की बात—सो मेरा खयाल है, अगर मैं तक़ाज़ा करूँ, तो वह जल्दी दे देगा अच्छा...।" और उन्होंने इन शब्दों के साथ आदाब अर्ज किया। उधर से मेरे मुँह से एक शब्द तक न निकला, मैं उनकी ज्योतिर्मयी मुद्रा की ओर देखता

अब मुझसे चुप नहीं रहा जा सका। मैंने कहा—"मैं जाऊँगा।...चलिये चलिये मैं आपको कहीं तक पहुँचा आऊँ।" वे बोले—"आप जैसा कोई आदमी मैंने आज तक कहीं नहीं देखा। मुझे आपके अन्दर कोई फरिश्ता नजर आता है। वे मेरे साथ बाहर की ओर चल पड़े। और मैंने कह दिया—और चाहे जो कह लीजिये पर मुझे लज्जित मत कीजिये।

मैं इस बार फौजदारी अदालत की ओर से घूमता हुआ उन्हें ले गया। वहाँ बरामदे में खड़े-खड़े वही बैरिस्टर महोदय—भावी महापुरुष—अपने किसी साथी से कह रहे थे—"उल्लू हो तुम! Chance खोते हो। जानते हो, Chance खोने वाला आदमी कभी तरक्की नहीं कर सकता।

मैंने मौलाना की ओर देखकर कहा—सुन रहे हैं आप?

वे मुसकराये भर, बोले कुछ नहीं।

और बैरिस्टर महोदय कह रहे थे—"तुमको यह सुनकर ताज्जुब होगा कि आज मैंने एक मिनट की कशमकश में तीस रुपये पैदा किये—तीस रुपये—दस-दस के तीन नोट!